हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.9 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

11 संगतों ने गोकर्ण डेरे पर माथा टेका, हवन स्वास्थ्य .



12 माजरा की विवादित जमीन से हरे पेड़ काटे...



## शहर में आज

- तहसील में पटवारियों का धरना जारी रहेगा
- रेलवे स्टेशन पर क्रमिक भूख हड़ताल पर रहेंगे कमचारी सुबह 10 बजे से
- भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब सांघी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेंगे सुबह 11 बजे से
- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में क्रिकेट मैच सुबह 10 बजे से
- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस पर व्याख्यान सुबह 11 बजे से

## बिजली कट

- सुबह 11 से 2 बजे तक तिलक नगर और शीला बाईपास एरिया में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

## खबर संक्षेप

### मदविः बीपीएड का रिजल्ट घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2023 में आयोजित बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन के चौथे सेमेस्टर के री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिन्धु ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### मदविः कुलपति ने प्रो. दूरेजा डीन मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 19 के प्रावधानों के तहत फार्मासुयटिकल साइंसेज विभाग के प्रो. हरीश दूरेजा को फैकल्टी ऑफ फार्मासुयटिकल साइंसेज का डीन मनोनीत किया है।कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर डीन, फैकल्टी ऑफ फार्मासुयटिकल साइंसेज प्रो. हरीश दूरेजा की नियुक्ति 7 जनवरी 2024 से तीन वर्ष हेतु की गई है।

### मदविः 12 को पोस्टर मेकिंग इवेंट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस तथा यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी को ड्रग फ्री कैंपेन के तहत पोस्टर मेकिंग इवेंट का आयोजन किया जाएगा। यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम की उप निदेशिका डॉ. एकता नरवाल ने बताया कि पोस्टर मेकिंग का थीम हरियाणा की समृद्धि का आधारः नशा मुक्त युवा रहेगा। यह इवेंट स्वराज सदन में 12 जनवरी को प्रातः 10 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### स्कूल का ताला तोड़कर चोरी

**सांपला।** गांव पाकस्मा के माध्यमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोर सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में प्राचार्य सुरेंद्र ने बताया कि 6 और 7 जनवरी की रात चोरों ने स्कूल के कम्प्यूटर लैब से छह बैट्री और अन्य सामान चोरी किया है।

### हिंदी दिवस पर आज एमडीयू में व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का हिन्दी विभाग 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में-विश्व में हिन्दी का बढ़ता प्रभाव विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन करेगा। हिन्दी विभाग की अध्यक्षा प्रो. कृष्णा जून ने बताया कि कुरूक्षेत्र विवि के सेवानिवृत प्रोफेसर डा. बाबू राम बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम 11 बजे से प्रारंभ होगा।

**कड़ाके की ठंड में रहें अलर्टः** सुनारिया चौक पर घर में अंगीठी जलाकर सोया था परिवार

*कमरे में अंगीठी जलाकर सोने से बचें*

*कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बनती है मौत का कारण*

# जानलेवा अंगीठी, बच्ची की जान गई, पूरा परिवार पीजीआई में भर्ती

- पड़ोसी ने रात को कॉल की तो घटना का पता चला, पुलिस ने पीजीआई में भर्ती कराया
- गांव मोखरा का रहने वाला है परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक









जनवरी माह में शुरू से ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीत लहर इस ठंड को और भयावह बना रही हैं। ऐसे में लोग घरों में अंगीठी जलाकर सो रहे हैं। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि वह अपनी मौत को दावत दे रहे हैं। सोमवार की रात रोहतक के सुनारिया चौक पर अंगीठी जानलेवा साबित हुई। एक परिवार रात को कमरा बंद कर अंगीठी जलाकर सो गया। इससे न केवल दस माह की बच्ची की जान चली गई बल्कि पूरा परिवार गम्भीर अवस्था में पीजीआई भर्ती है। पुलिस का मानना है कि अंगीठी की वजह से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बन गई, जिसकी वजह से हादसा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, गांव मोखरा निवासी अनेश अपने परिवार के साथ सुनारिया चौक पर रहता है। उसकी अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। सोमवार की रात को परिवार ने अंगीठी जला ली और दरवाजे सहित खिड़कियां बंद कर दी। रात को पड़ोसी ने अनेश के मोबाइल पर कॉल की, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद मामले की जानकारी उनके रिश्तेदार को दी गई। रात को ही पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने दरवाजा तुड़वा कर परिवार को बाहर निकाला और पीजीआई भर्ती कराया। जहां दस माह की बच्ची परी को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि अनेश, उसकी पत्नी नीलम, बेटी निशु व बेटे म्यान का उपचार चल रहा है।

### ऐसा हुआ हादसा

अनेश ने होश में आने के बाद बताया कि सोमवार को ठंड बहुत ज्यादा लग रही थी। इसलिए कमरे में अंगीठी जलाकर रख दी। इसके साथ ही सभी खिड़की और दरवाजे बंद कर दिए। उसकी पत्नी फोन पर बात कर रही थी, अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ी। इसके बाद छोटी बेटी परी की हालत बिगड़ने लगी। वह उठने की कोशिश करने लगा तो वह भी बेहोश हो गया। इसके बाद उसने आंख खोली तो वह पीजीआई में थे।

### कमरे में कोयले सुलग रहे थे

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। कमरे में कोयले सुलग रहे थे। जिसकी वजह से हादसा हुआ। परिवार को पीजीआई भर्ती कराया, बच्ची की मौत पहले ही हो चुकी थी। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिवार को सौंप दिया गया, जिसकी अंतिम संस्कार हो गया है। परिवार के अन्य चारों सदस्यों का उपचार चल रहा है।

**-एसआई हरेंद्र पूनिया**, थाना शिवाजी कॉलोनी

### ऑक्सीजन कम से घटना

बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोना या हीटर लगाकर सोना दोनों ही खतरनाक साबित होते हैं। ज्यादा गर्मी होने से आक्सीजन गैस की कमी हो जाती है और कमरे में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की तादाद बढ़ जाती है। इसलिए व्यक्ति को पता भी नहीं चलता और उसकी दम घुटने से मौत हो जाती है।

### आंखों-त्वचा के लिए खतरनाक

चिकित्सकों का कहना है कि हीटर और अंगीठी जलाना आंखों और त्वचा के लिए भी कम खतरनाक नहीं होता। स्कीन की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा आंखों में जलन हो सकती है। हवा में नमी की मात्रा कम होने से सांस लेने में तकलीफ और खांसी भी हो सकती है।

### क्या है कार्बन मोनोऑसाइड गैस

कार्बन मोनोऑक्साइड एक जहरीली गैस है। यह गैसोलीन, केरोसिन, तेल, प्रोपेन, कोयला, या लकड़ी के जलने से उत्पन्न होती है। एक ज्वलनशील गैस है जो रंगहीन, स्वादहीन और गंधहीन होती है। यह घर के अंदर और बाहर दोनों जगह पाई जाने वाली सबसे खतरनाक गैस है। मनुष्य इस गैस को सूंघने में असमर्थ हैं। उच्च स्तर पर इस गैस के लंबे समय तक संपर्क में रहने से कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता होती है और आदमी की मौत हो जाती है।

### ये हो सकती हैं दिक्कतें

हल्की कार्बन मोनोऑक्साइड का शिकार होने पर अधिकतर लोग जब ताजी हवा में निकलते हैं तो जल्दी ठीक हो जाते हैं। गैस के असर में आने के कारण बाधित निर्णय क्षमता, भ्रम, बेहोशी, दौरे आना, सीने में दर्द, सांस में कमी, कम ब्लड प्रेशर, और कोमा जैसे विकार होते हैं। कई मामलों में जान भी जा सकती है। यह गैस बच्चे, बुजुगार्ं के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है।

### ऐसे करें बचाव

अगर आपको घर में अंगीठी या हीटर लगाने पड़े तो उसे पूरी रात न जलाएं। कुछ देर के लिए इनका प्रयोग कर सकते हैं। लेकिन इस दौरान खिड़की दरवाजे खुले रखने होंगे। पास में पानी की बाल्टी रख सकते हैं ताकि कमरे में नमी में कमी न हो। इसके अलावा अंगीठी के पास प्लास्टिक, कपड़े आदि सामान भी न रखें। दरवाजे के आसपास अंगीठी को न रखा जाए। प्रभाव में आने पर तुरंत बाहर की तरफ भागे।

## मदविः पीएचडी में दाखिले को 13 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु पीएचडी पाठ्यक्रम में एडमिशन के आवेदन करने की तिथि 13 जनवरी है। रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 13 जनवरी 2024 तक किया जा सकता है। प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों-बायोकैमिस्ट्री में एक, बॉटनी में दो सीटें, सेंटर फॉर बायोइंफोर्मेटिक्स में दो सीटें, सेंटर फॉर बायोटैक्नोलोजी में 10 सीटें, सेंटर फॉर मेडिकल बायोटैक्नोलोजी में दो सीटें, कैमिस्ट्री में 6 सीटें, कामर्स में 46 सीटें, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्ज मं 11 सीटें, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग में 6 सीटें, इकोनोमिक्स में 8 सीटें, एजुकेशन में 7 सीटें, इनवायरमेंट साइंसेज में तीन सीटें, फूड टैक्नोलोजी में 5 सीटें, फोरेंसिक साइंस में तीन सीटें, जेनेटिक्स में तीन सीटें, भूगोल में 17 सीटें, हिन्दी में 12 सीटें, इतिहास में तीन सीटें, इमसॉर में 22 सीटें, आईएचटीएम में होटल मैनजमेंट में 7 सीटें व टूरिज्म मैनजमेंट में 5 सीटें, पत्रकारिता एवं जनसंचार में तीन सीटें, विधि विभाग में 9 सीटें, गणित में 17 सीटें, माइक्रोबायोलोजी में 8 सीटें, फार्मासुयटिकल साइंसेज में 15 सीटें, फिजिकल एजुकेशन में 8 सीटें, फिजिक्स में 11 सीटें, राजनीति विज्ञान में तीन सीटें, मनोविज्ञान में 5 सीटें, लोक प्रशासन में दो सीटें, संस्कृत में 7 सीटें, सांख्यिकी में दो सीटें, यूआईईटी-बायोटैक्नोलोजी में दो सीटें, टीआईटीएंडएस, भिवानी में 6 सीटें, यूआईईटी सिविल इंजीनियरिंग में 4 सीटें, यूआईईटी सीएसई में 19 सीटें, यूआईईटी ईसीई में सात सीटें, यूआईईटी ईई में 9 सीटें, यूआईईटी कैमिस्ट्री में तीन सीटें, यूआईईटी इनवायरमेंट सांइस में एक सीट, यूआईईटी गणित में एक सीट, यूआईईटी फिजिक्स में 5 सीटें व यूआईईटी एमई में 13 सीटें, विजुअल आट्र्स में एक सीट तथा जूलोजी में पांच सीटें उपलब्ध हैं। प्रवेश संबंधित अन्य विवरण एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### एमडीयू छात्रों का चयन युवा महोत्सव के लिए

- नासिक में 12 से 16 जनवरी तक आयोजित होगा राष्ट्रीय युवा महोत्सव

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी के विद्यार्थी सिद्धार्थ तथा अंकिता पांडे का चयन जिले से राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए हुआ है। यू आईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा आगामी 12 से 16 जनवरी तक महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सिद्धार्थ और अंकित पांडे भाग लेंगे। प्रो. युद्धवीर सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## छात्र कला का उपयोग विश्वविद्यालय के सौंदर्यीकरण में करें : प्रो. राजबीर सिंह

- दृश्य कला विभाग के तत्वावधान में आयोजित कला प्रदर्शनी का उद्घाटन पर कुलपति ने विचार प्रकट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



दृश्य कला की भाषा सार्वभौमिक है। दृश्य-संचार की भाषा समुद्र पार भी आकृष्ट करती है। जरूरत है कि हम दृश्य कला के जरिए सार्थक मानवीय-सामाजिक संदेश समाज में संप्रेषित करें। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग के तत्वावधान में आयोजित कला प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए ये विचार प्रकट किए। इटली के लातिना से आए कलाकार-चित्रकार प्रो. मासिमो पोम्पियो की कला प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति ने टैगोर सभागार गैलरी में किया। वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि दृश्य कला विभाग के प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को अपनी कला का उपयोग विश्वविद्यालय सौंदर्यीकरण में करना चाहिए। विश्वविद्यालय की विजीबिलीटी को कलात्मक कलेवर देने में दृश्य कला विभाग की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, ऐसा कुलपति का कहना था। वीसी ने कहा कि दृश्य कला विभाग को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए समग्र प्रयास करने होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विभाग को हर संभव सहयोग मिलेगा, ये आश्वासन कुलपति ने दिया। उन्होंने कहा कि दृश्य कला विभाग को डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आट्र्स क्लब तथा फोटोग्राफी क्लब का गठन कर रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए।

## ऑटो में बैठाकर सवारी को लूटा मारपीट की, कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बस स्टैंड से ऑटो में बैठे एक व्यक्ति को ऑटो में सवार दो बदमाशों ने लूट लिया। बदमाशों ने सवारी से मोबाइल और पर्स लूटा और मारपीट भी की। सवारी ने चलते ऑटो से कूदकर जान बचाई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने घायल व्यक्ति को पीजीआई में भर्ती करवाया है। दरअसल जयसिंह यादव गैस पाइप लाइन मेंटिनेंस का काम करता है और रामगोपाल कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। वह सोमवार रात करीब 11 बजे दिल्ली जाने के लिए बस स्टैंड पर गया था, लेकिन दिल्ली की बस नहीं मिली तो वह बस स्टैंड के बाहर आ गया। उसने एक ऑटो वाले से फोन पर ऑनलाइन किराये के पैसे लेने के बारे में पूछा लेकिन ऑटो वाले ने मना कर दिया। जयसिंह और दो लड़कों को ऑटो वाले ने बैठा लिया। दोनों लड़कों ने जय सिंह को बीच में बैठा लिया। लड़कों ने फोन पर किराया डालने के लिए जय सिंह का फोन ले लिया और पासवर्ड पूछने लगे। जय सिंह ने मना कर दिया।

### पुलिस के पास हर ऑटो वाले की कुंडली

पुलिस को शिकायत में जय सिंह ने बताया कि जिस ऑटो में उसके साथ वारदात हुई, उसका नंबर आटो का नंबर एचआर46डी3369 है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सभी ऑटो पर एक प्लेट (कोड) लगाया था। जिस भी ऑटो पर यह कोड लगाया था उस ऑटो वाले की पूरी कुंडली पुलिस के पास है।

### सीसर खास में हुई शिक्षक की हत्या का आरोपित फरार, जांच में जुटी पुलिस

**महम।** सीसर खास गांव में प्राइवेट स्कूल के एक शिक्षक की कथित हत्या का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति पर केस दर्ज कर लिया है। हत्या का आरोपित अभी फरार है। पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में सीसर खास गांव निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई विरेंद्र प्राइवेट स्कूल में टीचर है। वहीं गांव का ही अनिल उनका ही खेत का पड़ोसी है। 6 जनवरी की शाम को करीब साढ़े 7 बजे अनिल शराब के नशे में उनके घर पर आया। इस दौरान विरेंद्र ने अनिल को उसके घर पर छोड़ने के लिए कहा। पहली बार तो अनिल को कुछ दूर तक छोड़कर आ गए।

## अवैध कॉलोनियों में डीटीपी ने तोड़फोड़ की



**रोहतक।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने अवैध कॉलोनियों पर शिकंता कसते हुए तोड़फोड़ की। टीम ने दिल्ली-हिसार आउटर बाईपास रोड पर तक्षिशला स्कूल के पीछे, जलेबी चौक, एक अवैध ढ़ाबा मायना और कायनोस अस्पताल से कारौर रोड पर यह कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने कारौर में लगभग 41.5 एकड़ भूमि में बनाए जा रहे कच्चा रोड नेटवर्क डब्ल्युबीएम रोड नेटवर्क, सीवरेज नेटवर्क, एक बाउंड्री वाल और 4 अवैध निर्माण को तोड़ा। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद था।

**स्पर्धा** हैदाराबाद में आयोजित हुई 42वीं ऑल इंडिया पुलिस मीट चैंपियनशिप

## हरियाणा पुलिस के एएसआई जसवीर सिंह ने घुड़सवारी में जीते कई मेडल



मेडल के साथ एएसआई जसवीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हैदाराबाद में आयोजित 42वीं ऑल इंडिया पुलिस मीट चैम्पियनशिप में हरियाणा पुलिस के एएसआई जसवीर सिंह ने घुड़सवारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कई मेडल जीत कर हरियाणा पुलिस और हरियाणा का नाम रोशन किया। उनकी जीत पर पुलिस विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों में जश्न का माहौल है। गांव में पहुंचने पर परिवार और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने एक सिल्वर और दो कांस्य पदक जीते। इससे पहले भी वह कई प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवा चुके हैं। गांव सुनारिया के जसवीर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस, पंजाब पुलिस, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ सहित 22 टीमें शामिल हुई। जिनके 380 घुड़सवारों ने प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया। उन्होंने एक सिल्वर और एक कांस्य पदक जंपिंग और एक कांस्य टैंट पेगिंग में जीता। इससे पहले भी वह कई प्रतियोगिता में कई मेडल जीत चुके हैं। इस समय वह आरटीसी भौंडसी गुरुग्राम में तैनात हैं। उनका घुड़सवारी में चयन 2008 में हुआ था। उन्होंने बताया ब्रिगेड़ियर संदीप कश्यप और सुरेश कुमार ने उन्हें कोचिंग दी है। उनकी जीत पर भौंडसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि अब वह फरवरी में होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल लाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस प्रतियोगिता में भी वह बेहतरीन प्रदर्शन कर पुलिस का नाम रोशन करेंगे।

## नेशनल प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल सुनारियां की छात्राओं ने नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत करनाल में आयोजित बॉक्सिंग बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में देशभर के डीएवी स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया था। अंडर-14 खुशी, दीपांशी, दीक्षा, तनीषा ने गोल्ड मेडल हासिल किया और इसी वर्ग में शानवी व दीक्षा ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अंडर-17 में रिया, कृतिका, जिया भारती और यशिका ने गोल्ड मेडल और प्रिंसी ने सिल्वर मेडल हासिल किया। अंडर-19 में तमन्ना ने गोल्ड और निहारिका ने सिल्वर मेडल पाया। वुशू में तनीषा ने गोल्ड मेडल हासिल कर स्कूल एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। लड़कों की नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में दीपांशु, अंशुमन और लक्ष्य ने गोल्ड अंडर -17 में ध्रुव और प्रिंस ने गोल्ड अंडर-19 लक्ष्य योगेश, प्रिंस व अनिरुद्ध ने गोल्ड मेडल हासिल किया। जबकि मोहित, तरुण ने सिल्वर और जतिन ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपना दमखम दिखाया।



### रेसलिंग में अंडर-14 सुमंगल और अभिनव ने गोल्ड हासिल किया

रेसलिंग में अंडर-14 सुमंगल और अभिनव ने गोल्ड हासिल किया। अंडर-17 नवदीप और जतिन ने गोल्ड पार्थ ने ब्रांज और अंडर-19 अजय ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वुशू प्रतियोगिताओं में नितिन ने गोल्ड मेडल, अनिकेत और अभिनव ने सिल्वर मेडल हासिल किया। छात्रों की इस सफलता के लिए स्कूल चेयरमैन एडीजीपी रोहतक रेंज केके राव, स्कूल मैनेजर वंदना कपूर और प्रधानाचार्या रीना हरजाई ने इन खिलाड़ियों और स्पोर्ट्स टीम के सदस्यों सुषमा और सनी बुधवार की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### सब तहसील कार्यालय से बैंटरियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव सलेमपुर निवासी मनीत शर्मा ने बताया कि वह सब तहसील कार्यालय साढौरा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता है। पांच जनवरी को वह कार्यालय बंद करके घर चला गया था। सुबह नायब तहसीलदार के रीडर का फोन आया कि तहसील कार्यालय का दरवाजा टूटा पड़ा है।जांच करने पर तहसील कार्यालय से 16 बैंटरियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### इंद्र इंटरप्राइजिज फैक्टरी से लाखों के तार चोरी

**यमुनानगर।** जय सिटी जगाधरी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसकी बाढ़ी माजरा गधौली का माजरा में इंद्र इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। सात जनवरी की रात को चोरों ने उसके फैक्टरी से बायलर, पैनल, फिल्म फेस ड्रायर, केटल की तारें चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये है।

### नागरिकों को मिल रहा लाभ

**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव मुन्नामाजरा तथा बाकरपुर में किया गया। इस अवसर निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** हरिद्वार हाईवे पर कार की टक्कर लगने से 19 वर्षीय मोहित निवासी गांव अबदान नगर हुलानी जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। मोहित के पिता जसबीर की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द पुलिस ने अज्ञात कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

# फौज से रिटायर कैप्टन मेवा सिंह ने पेश की जज्बे की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गांव को बनाया सबसे स्वच्छ, शहर की तर्ज पर गांव में है सीवरेज सिस्टम

कहते हैं कि जब इंसान ठान ले तो सब कुछ कर सकता है। ऐसी ही एक जज्बे और हौसले की मिसाल पेश की है कुरुक्षेत्र के डेरा कुंदनपुर लुखी के निवासी कैप्टन मेवा सिंह ने जिन्होंने अपनी मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए गांव का पूरा हुलिया बदल दिया। एक और जहां ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर देखना पड़ता है, लेकिन इन्होंने अपने दम पर गांव को न केवल सबसे साफ सुथरा बनाया बल्कि शहर की तर्ज पर सीवरेज व्यवस्था का निर्माण करके लोगों को बीमारियों की चिंता से भी मुक्त करने का काम किया है।

कैप्टन मेवा सिंह के द्वारा किए गए इन कार्यों की गूंज जब स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र तक पहुंची तो उन्हें भी यह गांव देखने की इच्छा जागृत हुई और मुख्यमंत्री का स्वच्छता संदेश लेकर वह मंगलवार को कैप्टन मेवा सिंह के डेरा कुंदनपुर लुखी में पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले स्थानीय गुरुघर में शीश नवाया। उसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा प्रांगण में ग्रामीणों के साथ गांव पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी अशोक मुंजाल व सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर सिंह भी मौजूद रहे। गांव का निरीक्षण करने के दौरान सुभाष चंद्र ने पाया कि गांव में कहीं भी गंदगी का नामोनिशान नहीं था और गांव की तरह नालियां भी यहां नजर नहीं आई। पूरे गांव में सीवरेज सिस्टम को देखकर वे गांव की तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के सभी लोग ठान लें तो वह भी अपने गांव को शहर जैसा विकसित बना सकते हैं। जरूरत है केवल आगे बढकर एक कदम उठाने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया तो उस समय किसी को यह पता नहीं था कि यह अभियान एक दिन जन आंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक आमजन का मिशन है इसे गैर सरकारी बनाना ही हमारा मकसद है। कैप्टन मेवा सिंह ने जो कार्य किया है वह औरों के लिए एक उदाहरण है।



कुरुक्षेत्र। गांव का निरीक्षण करते स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

### गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का सपना

वहीं कैप्टन मेवा सिंह ने बताया कि वे जब गांव में थे तो गंदगी और खुली नालियां देखकर उनका मन करता था कि यहां भी शहर की तरह स्वच्छता और सीवरेज व्यवस्था हो। उन्होंने ठान लिया की वह इसको हरियाणा का एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव बनाएंगे। बस फिर क्या था उन्होंने गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव की तस्वीर को बदलने का काम शुरू कर दिया। बिना किसी सरकारी मदद के उन्होंने गांव में विकास के साथ-साथ लोगों की सोच को भी बदला। आज उनके मेहनत और जज्बे की बदौलत यह गांव कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रदेश के एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव के रूप में चमक रहा है। उन्होंने कहा कि अब उनका सपना गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का है जहां बच्चे आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर सकें। सीईओ जिला परिषद अशोक मुंजाल ने कैप्टन मेवा सिंह के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा की गांव में जो भी विकास कार्य बाकी है उन्हें पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने यहां पर लाइब्रेरी और स्ट्रीट लाइट के लिए भी प्रस्ताव मांगा है।

### पहले की देश सेवा अब समाज सेवा

डेरा कुंदनपुर लुखी गांव के हर घर से एक फौजी है। कैप्टन मेवा सिंह खुद भी सेना से रिटायर है और अब उनका सपना अपने गांव को शहर की तर्ज पर विकसित करने का है। इसी सपने को लेकर उन्होंने करीब 10 साल पूर्व गांव में सुधार कार्य शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने गांव के लोगों को इक_ा कर उन्हें स्वच्छता का महत्व बताया और फिर सबको साथ लेकर इस को एक मॉडल विलेज बना डाला। इस डेरे में करीब सवा सौ घर है। यही नहीं कैप्टन मेवा सिंह ने अपनी जमीन देकर गांव में गुरुद्वारा, तालाब, कचरा घर और शमशान भूमि का निर्माण भी कराया है। अब गांव के अधिकतर बच्चे विदेश में सेटल हैं। विदेश से भी गांव के बच्चे आर्थिक मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कम जमीन और ना के बराबर बजट होते भी ये गांव प्रदेश में एक मिसाल बन गया है।

# सफाई को लेकर नगर निगम ने अदालत में जमा की रिपोर्ट

## जांच में शिकायत नंबर नौ डिजिट के निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- निगम की हरकत पर अदालत नाराज, अब 12 को करना होगा जवाब दाखिल, सफाई को लेकर मुसीबत में फंसे हैं अधिकारी

शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों के गले की फांस बन गया है। इस मामले में बीते रोज निगम की ओर से अदालत में जवाब दायर किया। मगर निगम की ओर से फिर ऐसी हरकत हो गई जिससे अदालत भी नाराज दिखी। निगम ने कोर्ट में जो जवाब दाखिल किया है उसमें कूड़े की शिकायत को लेकर दिए गए मोबाइल नंबर ही गलत पाए गए। दो मोबाइल नंबर दिए गए थे लेकिन दोनों मोबाइल नंबर 9 डिजिट के हैं। ये मोबाइल नंबर 899985446 व 899985447 बताए गए हैं। रिपोर्ट में ये नंबर जानबूझकर तो नहीं दिए गए इस पर अब 12 जनवरी को सुनवाई होगी।

### रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश

नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कूड़े की शिकायत के संबंध में 9 फरवरी 2023 को शिकायत सेल स्थापित की गई थी। कूड़े की शिकायत के लिए लैंड लाइन, मोबाइल नंबर और ईमेल सार्वजनिक किए हुए हैं। ये भी बताया था कि एजेंसी पर कूड़े की शिकायतों के निपटान न करने की एवज में 7 लाख 20 हजार का जुर्माना भी किया है। निगम के इस जवाब को देखते हुए कोर्ट ने अटैच किए वाहनों को अगले आदेशों तक रिलीज कर दिया था।अब कोर्ट ने निगम से एजेंसी के साथ किए 19 दिसंबर 2022 के अनुबंध के तहत बिंदु 6,8,11 व 12 के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। इसमें एजेंसी के डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया, कूड़े के सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन एवं डिस्पोजल के साथ मैन पॉवर, रिर्सोस एवं टेक्नोलॉजी और मशीनों की स्थिति आदि के बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है।

# कड़ाके की ठंड से छुटी लोगों की कंपकंपी

## बर्फीली शीतलहर के चलने से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले दस दिन से जिले में दिन भर बर्फीली हवाओं के चलने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान हो उठे हैं। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों की कंपकपी छुटा रखी है, वहीं, फसलें भी कोहरे से प्रभावित होने लगी हैं। आलम यह है कि दिन भर लोग अलाव जलाने और गर्म कपड़ों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, फसलों कोहरे से बचाने के लिए किसान उनमें सिंचाई और दवाइयों का स्प्रे करने लगे हैं।

### दस दिन से नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने की वजह से पिछले दस दिन से जिले में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। मंगलवार को लोगों को उम्मीद थी कि सूर्यदेव के दर्शन होंगे और ठंड के कहर से कुछ राहत मिलेगी। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने के साथ बर्फीली हवाएं चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। सब्जी उत्पादक किसान कृष्ण व मंशा राम का कहना है कि आलू की फसल के पत्ते पाला पड़ने से झूलसने लगे हैं। जिससे फसल की पैदावार कम होने के आसार बन गए हैं।



यमुनानगर। घना कोहरा पड़ने से प्रभावित हुई आलु की फसल। फोटो : हरिभूमि

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

### लोग घरों में दुबकने पर मजबूर

- धुंध के कारण यातायात हुई प्रभवित

**कुरुक्षेत्र।** पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठंड लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को ठंड के साथ धुंध भी रही। इ स का सीधा असर यातायात पर देखने को मिला। तेज रफ्तार में दौड़ने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। सुबह के समय भी वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चलते नजर आए। लेकिन धुंध का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा था। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में धुंध का प्रभाव अधिक देखने को मिला। धुंध ने लोगों को जमकर परेशान किया। विशेषज्ञों के अनुसार रबी की फसल को बढ़ने के लिए धुंध व ठंड की आवश्यकता होती है। फिलहाल का मौसम फसलों के अनुकूल है। जिससे कि किसानों के भी चेहरे खिले हुए हैं। ठंड में स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने ठंडे पेय पदार्थ का सेवन ना करने, हल्का गर्म पानी पीने, पूरी शरीर को कपड़ों से ढकने जैसी सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 10 दिन से कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा भी पड़ रहा है। सूर्य भी नहीं दिखाई दे रहा है। आकाश में दिनभर बादलवाई बनी रहती है। पूर्व से चली ठंडी हवा से से जनजीवन पर काफी असर पड़ा। लोग घरों में दुबकने पर मजबूर रहे।



# प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने निगली जहरीली दवाई, मौत

- पीड़ति महिला की शिकायत पर 5 के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपमंडल के गांव बाखली में रहने वाली महिला से मारपीट कर उसे कमरे में बंद रखने से क्षुब्ध महिला द्वारा कोई जहरीली दवाई पी लेने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संदर्भ में पीड़ित महिला की शिकायत पर उसके परिवार के 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसकी वस्तृित जानकारी देते हुए केस के आई.ओ.ए.एस.आई.सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस उन्हें सूचना मिली थी कि गांव बाखली निवासी महिला नन्ही देवी ने परिजनों की प्रताड़ना से तंग आकर कोई जहरीली दवाई पी ली है। जिसे पिहोवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैथल के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया था। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़ित महिला के बयान कलमबद्ध करवाए। जिसमे महिला ने कहा कि उसके परिजनों ने उसे घर के अंदर नहीं घुसने दिया। इतना ही नहीं उन्होंने सड़क पर ही उससे बुरी तरह से मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया, ताकि व भाग न सके। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया हैं।

### उपचार के दौरान हुई मौत

*इस बारे बात करने पर केस के आई.ओ.ए.एस.आई. सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ति महिला की आज उपचार के दौरान मौत हो गई है। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों के हवाले सौंप दिया है। जल्द ही आरोपी लोगों को काबू कर लिया जाएगा।*

# यूपी में चल रहे भ्रूणलिंग जांच के खेल का पर्दाफाश

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलाल पकडा, दलाल ने भ्रूण की जांच कराना स्वीकारा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी में अवैध तरीके से चल रहे भ्रूण लिंग जांच के खेल का पर्दाफाशकिया है। टीम ने पानीपत के राणा माजरा निवासी दलाल को ट्रैप लगाकर पकड़ा है। उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जब्त की गई। वहीं, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पानीपत जिला और इसके आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच किया एवं करवाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए यूपी में ले जाया जाता है। इससे पानीपत का लिंगानुपात प्रभावित हो रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर भ्रूण लिंग जांच के लिए सूचना देने वाले के माध्यम से दलाल अमजद निवासी राणा माजरा से 20 हजार में सौदा तय हुआ। पांच जनवरी को टीम का गठन किया गया। इसके बाद 12 सप्ताह की एक गर्भवती महिला से टीम ने संपर्क किया। उसकी सहमति पर 8 जनवरी को सूचना देने वाले माध्यम से अमजद से संपर्क किया गया। अमजद, गर्भवती महिला को अपनी गाड़ी में बैठा कर यूपी के मुजफ्फरनगर ले गया। टीम ने उसका यहां तक पीछा किया। लेकिन यहां जाम में गाड़ी फंसने की वजह अमजद की गाड़ी टीम की आंखों से ओझल हो गई। महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। काफी इंतजार के बाद पता लगा कि लिंग जांच करवाने के बाद वे वापस पानीपत की ओर रवाना हो चुके हैं। टीम ने सनौली नाका पर आपसी तालमेल के जरिए अमजद की गाड़ी को रूकवाया। जहां से टीम ने अमजद के कब्जे से वशिष्ठ अस्पताल मुजफ्फरनगर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट ली। दलाल अमजद को भ्रूण लिंग जांच के बारे में पूछा गया तो उसने स्वीकार किया कि उसने खुद महिला को उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग लड़की बताया है। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पानीपतः बबैल में नवदंपती की संदिग्ध हालत में मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में नवविवाहित 24 वर्षीय गुरमीत व इसकी 22 वर्षीय पत्नी तन्नू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों सोमवार की रात को अपने कमरे में सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों कमरे में मृत मिले। वहीं परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही गांव की शमशान भूमि में गुरमीत व तन्नू की अंत्येष्टि की दी। पुलिस की जांच में पता चला कि गत वर्ष 21 नवंबर को गुरमीत निवासी गांव बबैल का विवाह तन्नू निवासी गांव रामनगर जिला पानीपत के साथ हुआ था। परिजनों व मायके वालों का दावा है कि दोनों का दांपत्य जीवन पूरी तरह से सुखी था। वहीं गुरमीत के पिता कृष्ण का निधन हो गया था और सोमवार को उनकी तेहरवीं थी। रिश्तेदारों के जाने के बाद गुरमीत व उसकी पत्नी तन्नू अपने कमरे में सोने चले गए, जबकि अन्य परिजन भी सो गए। मंगलवार की सुबह जब गुरमीत व तन्नू कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरबाजा खटखटाया, लेकिन अंदर कोई हलचल नहीं थी, अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने दरबाजा तोड दिया, बैड पर गुरमीत व तन्नू मृत हालत में पडे मिले। इधर, गांव के सरपंच विक्की का दावा है कि सर्दी अधिक होने के चलते गुरमीत व तन्नू ने अपने कमरे में अंगीठी जला रखी थी और कमरे में हवा की क्रासिंग नहीं होने के चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

# आरोपियों से कार, देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो तलवारें बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने लूट व चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिल पुत्र राजा निवासी डालमवाला जीन्द, अर्जुन पुत्र अमित निवासी महावीर कॉलोनी हिसार, रिंकू पुत्र बलमत निवासी सेरडा हिसार व भोलू पुत्र कुवर निवासी खरबला हिसार को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट की दो व वाहनों से बैटरी चोरी की 17 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपी पीछले डेढ़ साल से वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त 1 बलेनो कार, 1 देसी पिस्टल, 2 जिंदा रौंद व 2 तलवार बरामद की है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने मंगलवार को सीआईए वन स्टाफ में प्रेसवार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह का सरगना आरोपी साहिल है। आरोपी साहिल व रिंकू का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है।

## व्हाट्सएप नंबर जारी कर बेसहारा पशुओं का फोटो व लोकेशन भेजने के लिए लोगों से की अपील

सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के कारण हर दिन हो रहे हादसे

# शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए हरकत में आया नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर में घुम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम हरकत में आया है। नगर निगम अधिकारियों ने व्हाट्सएप नंबर जारी कर लोगों को बेसहारा पशुओं को फोटो व लोकेशन भेजने कि अपील की है। शहर में घुम रहे आवारा पशुओं के कारण हर दिन हादसे हो रहे है। शहरवासी निगम अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कईं बार अपील कर चुके हैं।

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों को निर्देश दिए कि निगम द्वारा पकड़कर गोशालाओं में छोड़े जा रहे बेसहारा पशुओं की देखरेख सही तरीके से हो। उन्होंने दोनों सीएसआई व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के साथ टैग लगाना सुनिश्चित करें। ताकि उनकी अलग पहचान हो और गोशाला प्रबंधन उन्हें दोबारा न छोड़ सके। सिन्हा ने कहा कि शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है। चारे के लिए नगर निगम द्वारा गोशाला संचालकों को प्रतिदिन 30 रुपये प्रति पशु के हिसाब से खर्च दिया जाता है। ताकि गोशाला में इन पशुओं के लिए चारे की समस्या न हो। यह कार्य कर नगर निगम बेसहारा पशुओं को सहारा देने का काम कर रहा है। बीते दो माह में नगर निगम द्वारा काफी संख्या में शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया है। जब तक शहर बेसहारा पशुओं से मुक्त नहीं हो जाता, यह अभियान जारी रहेगा। शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के लिए शहरवासी भी सहयोग करें। नगर निगम क्षेत्र में यदि किसी को कोई बेसहारा पशु घूमता दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर लोकेशन या पते के साथ नगर निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे।



यमुनानगर के निगम कार्यालय में गोशाला प्रबंधकों व अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

### दुधारू पशु खुले में छोड़ा तो होगा 5100 रुपये जुर्माना

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते है। इनमें दुधारू पशु भी होते है। अब यदि किसी ने भी अपने पशुओं को खुले में छोड़ा तो उसपर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ने अपने पशु को शहर में खुले में छोड़ा और उस पशु को नगर निगम द्वारा पकड़कर गोशाला में पहुंचा दिया तो उसे छुड़ाने के लिए 5100 रुपये जुर्माना। इसके अलावा जितने दिन वह पशु गोशाला में रहेगा। प्रतिदिन 300 रुपये के हिसाब से पशु मालिक को देना पड़ेगा। निगमायुक्त ने आमजन से अपील की कि वह अपने पशुओं को खुले में न छोड़े। इसके साथ उन्होंने निगम द्वारा पकड़े जा रहे पशुओं को भी टैग लगाने के पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पटवारियों की हड़ताल बनी मुसीबत

## 300 से ज्यादा इंतकालों का लगा अंबार, कई तरह के काम पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- हड़ताल की वजह से रोज लोगों को तहसीलों में खाने पड़ रहे हैं धक्के
- सरकार को राजस्व की हानि हो रही
- पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। लोगों को इंतकाल की नकल, बैंक लोन के लिए 15 साल का रिकॉर्ड न मिलने और जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर न होने से रजिस्ट्री तक नहीं हो पा रही। हड़ताल के कारण रजिस्ट्रियां होने की दर एक तिहाई रह गई है। इसके कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। 1 फरवरी से गिरदावरी भी शुरू होनी है। अगर हड़ताल जारी रही तो गिरदावरी भी बाधित हो सकती है। जिससे किसानों को फसल बेचने में भी परेशानी होगी। किसान राजपाल और मदन लाल ने बताया कि वह प्लास्टिक की तिरपाल लगाकर सब्जी की खेती करते हैं। फसल का पंजीकरण करवाया हुआ है। अब कृषि विभाग से सब्सिडी लेने के लिए पटवारी से वेरिफिकेशन करानी है। पटवारी रिपोर्ट देगा तो सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह हर रोज इस उम्मीद पर तहसील कार्यालय आते हैं कि शायद पटवारी मिल जाए लेकिन कमरे पर ताला लटका है।

पटवारियों व कानूनगो की खाली कुर्सी से काम ठप जमाबंदी पर हस्ताक्षर न होने से नहीं हो रही रजिस्ट्री 70 साल के बुजुर्ग बलबीर सिंह ने डेरा मौजा में 7 मरले जमीन पंचकूला के विक्रम सिंह को बेची हुई है। बुजुर्ग ने पैसे भी वसूल कर लिए। रजिस्ट्री लिखी जा चुकी है, लेकिन जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर नहीं हुए। इसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। पटवारियों के हड़ताल पर जाने की वजह से बहुत से सरकारी काम रुके हुए हैं। पटवारियों व कानूनगो की कुर्सी खाली होने से जिले में करीब 300 इंतकाल पेंडिंग पड़े हैं। रिहायशी प्रमाण पत्र के लिए हर रोज जिले के पटवारियों के पास करीब लोग पहुंचते रहे। लोन अपडेट के लिए करीब लोग धक्के खा रहे हैं। फर्द की कॉपी निकलवाने के लिए अब लोग मुसीबत में हैं। पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान हैं। तहसील में सीमांकन, नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, नामांतरण, जमाबंदी सत्यापित, नकल सत्यापित, इंतकाल, गिरदावरी, फील्ड बुक, मौका तस्दीक, रिकॉर्ड में लोन चढ़ाने और उतारने का कार्य पटवारी कराते हैं।

## खबर संक्षेप



रोहतक। जाट स्कूल में चौधरी छोटूराम की 79वीं पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पर आयोजित हवन में आहुति डालते सांसद बृजेंद्र सिंह।

### चौ.छोटूराम की पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पर हवन

**रोहतक।** हिसार लोकसभा क्षेत्र से सांसद बृजेंद्र सिंह मंगलवार को चौधरी छोटूराम की 79वीं पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल जाट स्कूल में हवन में पहुंचे। उन्होंने कहा कि चौधरी छोटूराम को विद्यार्थी जीवन से यथार्थ का ज्ञान था। अल्पायु में ही समाज के प्रति चिंता थी, जिसको लेकर उन्होंने कई आलेख भी लिखे थे। चौधरी छोटूराम ने हमेशा जोड़ने की बात की। वे सभी धर्मों के लोगों को एक साथ लेकर चलने वाली शख्सियत थे।



### प्रिंस ने जीता गोल्ड

**रोहतक।** मायना गांव के प्रिंस पंघाल ने करनाल में आयोजित नेशनल बाक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। प्रिंस के कोच विनोद बुधवार ने बताया कि प्रिंस ने अंडर 17 में स्वर्ण पदक जीता है। यह प्रतियोगित करनाल के डीएवी स्कूल में 4 से 8 जनवरी तक आयोजित हुई। विनोद ने प्रिंस कर जीत की बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### चौछोटूराम का पुण्यतिथि पर स्मरण किया

**महम।** गरीबों व किसानों के मसीहा चौधरी छोटूराम को उनकी पुण्य तिथि पर मंगलवार को महम क्षेत्र में श्रद्धा से याद किया गया। अखिल भारतीय किसान सभा ने निंदाना, सीसर खास व मदीना गांवों में उनकी स्मृति में कार्यक्रम में आयोजित किए और उनकी तस्वीर के सामने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीसर खास गांव में राजीव गांधी केंद्र, मदीना गांव में शहीद भगत सिंह स्मृति स्थल और निंदाना गांव में चल रहे किसानों के धरने पर ये कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### हिसार निगम आयुक्त प्रदीप को रोहतक निगम का अतिरिक्त कार्यभार



**रोहतक।** हिसार नगर निगम के आयुक्त प्रदीप दहिया को रोहतक निगम आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। मंगलवार को आयुक्त ने निगम कार्यालय में आकर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने इस दौरान कई शाखाओं के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने लम्बित कार्यों में तेजी लाने के आदेश जारी किए। इससे पहले आयुक्त जितेंद्र सिंह का एक जनवरी को तबादला हो गया था।

### बाबा लक्ष्मणपुरी की पुण्यतिथि पर हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन

# संगतों ने गोकर्ण डेरे पर माथा टेका, हवन स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोकर्ण धाम पर बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष में मंगलवार को हवन, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, बाबा कमल पुरी महाराज और पूरे देश से आए साधु संतों के सानिध्य में आयोजन संपन्न हुआ। बाबा लक्ष्मण पूरी महाराज की 29वीं पुण्यतिथि पर लगाए गए भंडारे में करीब 50 हजार संगतों सहित संत महात्माओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संकीर्तन के साथ तीन दिवसीय आयोजन का समापन हुआ। गोकर्ण धाम पर सुबह 9 बजे हवन का आयोजन किया गया। इसमें सभी के मंगल की कामना की गई। महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, बाबा कमल पुरी महाराज ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान डेरे पर स्वास्थ्य जांच शिविर और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। महिला मंडली से सुंदर भजनों से बाबा लक्ष्मण पुरी को याद किया। भजनों पर सभी ने भक्ति में लीन होकर नृत्य किया।



रोहतक। साधु संतों को प्रसाद वितरित करते हमहामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज। फोटो : हरिभूमि

#### डेरे पर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था,समाधि पर मत्था टेका

डेरे पर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। सभी ने समाधि पर माथा टेका। पूरे देश से आए साधु संतों ने डेरे पर शीश झुकाया। इस मौके पर जूना अखाड़ा अध्यक्ष महंत केदार पुरी, महंत शैलेंद्र गिरी महाराज, महंत महेश पूरी, महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, बाबा कालिदास महाराज, यमुनानगर से ज्वाला माता, महंत पृथ्वी गिरी, महंत रमन पुरी, महंत दिलबाग सिंह टिकाना साहिब, स्वामी परम चैतन्य, डेरा बाबा भूमन शाह से महंत ब्रह्मदास, महंत अशोक गिरी भिवानी से, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर मनमोहन गोयल, सीनियर डिप्टी मेयर राज कमल सहगल, सीताराम सचदेवा, लोकेंद्र फौगाट, सतीश नांदल, अजय बंसल, रेणु डाबला, गोहना चेयरमैन रजनी वीरमानी, ओम जुनेजा, मदन गोयल, अमरजीत सिंह ओएसडी गवर्नर व सूरजमल किलोई मौजूद रहे।

### जन सेवा समिति ने 156वां शिविर लगाया, 125 युवाओं ने रक्तदान किया



रोहतक। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और अन्य। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। गोकर्ण डेरे पर जन सेवा समिति द्वारा 156वां रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 125 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने किया। अध्यक्षता गोकर्ण डेरे के महंत महामंडलेश्वर कपिलपुर व कमलपुरी महाराज ने की। जन सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष बसंत लाल गिरधर ने बताया कि शिविर में ईश बजाज ने 78वीं बार, राकेश भुटानी ने 49वीं बार, दीपक, अजमेर सैनी ने 31वीं बार, गौरव कपूर ने 20वीं बार, चरणजीत बजाज ने 20वीं बार, प्रवीन व रोहित ने 10वीं बार, प्रवीन धींगड़ा ने 8वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर स्वामी परमानन्द, बाबा कालीदास महाराज, मेयर मनमोहन गोयल, अशोक कक्कड़, गुलशन निझावन, सतीश सुनेजा, अशोक गुलाटी, भारत भूषण, चिराग बेरी, नवीन निडाना, साहिल मग्गू, संजय परूथी, महावीर पसरीजा, दिनेश शर्मा, जगत सिंह गिल, नीरज खुराना, सुलतान सिंह, ईश बजाज आदि मौजूद रहे।

### लाइफ स्किल कैंप का डीपीसी ने किया निरीक्षण



रोहतक। बच्चों को सर्टिफिकेट वितरित करते हुए डीपीसी रेणु खत्री व प्रिंसिपल मीनाक्षी रोहिला। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** इस्माइला के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय लाइफ स्किल कैंप में डीपीसी रेणु खत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चो द्वारा बनाई गई वेस्ट सामग्री से बनी आर्ट एंड क्राफ्ट की वस्तुएं, पेंटिंग, जैम, आचार, जैली, कैंडल, पेपर मैसी आर्ट, फोटो फ्रेम, ग्रीटिंग कार्ड, सजावट की वस्तुएं, ग्लास पेंटिंग आदि की सराहना की। कैंप के दौरान डॉक्टर, पोस्ट मास्टर, बैंक, कृषि विभाग आदि से आए व्यक्तियों ने बच्चों के साथ अपने विचार सांझा किए। डीपीसी रेणु खत्री द्वारा बच्चों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कैंप में प्रिंसिपल मीनाक्षी रोहिला, संतोष नरवाल, रीना, अनिल, एबीआरसी नीलम उपस्थित रहे।



**रोहतक।** कर्मचारियों को मिठाई खिलाते हुए वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान नवीन कुमार जैन।

### नवीन जैन ने वैश्य तकनीकी संस्थान में कर्मियों को वेतन बांटा, धरना खत्म करवाया

**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान नवीन कुमार जैन ने मंगलवार को वैश्य तकनीकी संस्थान में पहुंचकर ठेकेदार व कर्मचारियों का वेतन बांटा और मुंह मीठा करवाकर धरना समाप्त करवाया। इस अवसर पर सह-सचिव श्याम लाल गर्ग, गवनिंगबाडी सदस्य राजेश नवल, सुभाष गुप्ता, अरुण आर्य कॉलिजियम सदस्य सुनील जैन गोलू व प्राचार्य संजीव गुप्ता उपस्थित रहे। वेतन मिलने से कॉलेज के स्टाफ सदस्यों में खुशी का माहोल है और उन्होंने पूरी प्रबन्धनसमिति का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रधान नवीन कुमार जैन ने दोहराया कि स्टाफ सदस्यों को समय पर वेतन देना प्रबन्धनसमिति की नैतिक जिम्मेवारी है और भविष्य में सभी को समय पर वेतन मिलेगा। स्टाफ सदस्यों के हित में कार्य किया जाएगा।

## संकल्प यात्रा का घुसकानी, जिंदराण, भैणी भैरो व भैणी महाराजपुर गांवों में स्वागत

**चारों गांवों में आयुष्मान-चिरायु हरियाणा योजना के 4745 लाभार्थियों में से 134 ने लिया स्वास्थ्य बीमा का लाभ, 1411 ले रहे हैं सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ**

रोहतक। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला के गांवों जिंदराण, घुसकानी, भैणी महाराजपुर व भैणी भैरों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इन चोरों गांवों में 1411 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ दिया जा रहा है। इन गांवों में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के कुल 4745 लाभार्थियों में से अब तक 134 लाभार्थियों ने 40.60 लाख रुपये की धन राशि के स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाया है। इन गांवों में अब तक 104 पेंशन स्वतः बनी हैं। जिंदराण गांव में 197 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 14 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 646 लाभार्थियों में से 21 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 6 लाख 58 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। घुसकानी गांव में 243 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 14 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 745 लाभार्थियों में से 11 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 1 लाख 53 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है।

#### भैणी महाराजपुर में 402 को मिली पेंशन



उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि भैणी महाराजपुर गांव में 402 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 42 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1473 लाभार्थियों में से 48 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 21 लाख 28 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है। भैणी भैरों गांव में 569 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अब तक इस गांव में 34 पेंशन स्वतः बनी हैं। गांव में आयुष्मान व चिरायु योजना के 1881 लाभार्थियों में से 54 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य बीमा के तहत 11 लाख 21 हजार रुपये का लाभ प्राप्त किया है।विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ लिया।

### ग्यारह फरवरी को जींद में ओपीएस संकल्प महारैली, परिवार संग जाएंगे कर्मी



रोहतक। अपनी मांगों के लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए पेंशन बहाली संघर्ष समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति 11 फरवरी को जींद में प्रदेशस्तरीय ओपीएस संकल्प महारैली करेगी। प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण देशवाल, जिला प्रधान अनिल स्वामी, जिला महासचिव संजय सिंहमार, जिला कोषाध्यक्ष रविकांत धानक ने बताया कि 11 फरवरी की कर्मचारी इतिहास रचेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर जिला कार्यकारिणी ने बैठक की। रैली के लिए रीच टू इच संपर्क अभियान का आगाज किया गया। जिसमें हर कर्मचारी तक कार्यकारिणी जाकर रैली के लिए आमंत्रित करेगी। रैली के लिए अबकी बार सहपरिवार स्लोगन जारी कर संकल्प लिया की कर्मचारी के साथ-साथ उसके परिवार को भी आंदोलन में जोड़ा जाएगा। इस कडी में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग सहित कार्यालयों में जाकर 2024 को ओपीएस वर्ष के तौर पर स्थापित करने का संकल्प लिया। उपप्रधान ललित कुमार, जोगेंद्र ढुल, मंजू राणा, प्रेस सचिव सुभाष पांचाल, सलाहकार डॉ. प्रवेश, डॉ. अजय कादियान, संगठन सचिव सुरेश नेहरा, सुमन राणा ने कर्मचारीवर्ग गुस्से में है। इस अवसर पर लाखनमाजरा ब्लाक प्रधान रोशनलाल, महम ब्लाक संयोजक महेश वर्मा व ब्लाक प्रधान युद्धवीर सिंह, कलानौर ब्लॉक प्रधान प्रवीण मेहरा, सांपला ब्लॉक संयोजक जितेन्द्र आर्य ने मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र रैली की तैयारी शुरू, विप्लव देव तीन दिन रोहतक में ही रहेंगे



जिलाध्यक्ष ने दी योजना बैठक में जानकारी
■
चौ. छोटूराम की पुण्यतिथि पर उन्हें याद भी किया

**रोहतक।** युवा मोर्चा की कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली के लिए जिला योजना बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने बताया कि प्रदेश प्रभारी व पूर्व मुख्यमंत्री विप्लब देव रोहतक में तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी को सांघी में होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। 11 जनवरी को होने वाली यात्रा में चमारिया गांव में मुख्यातिथि रहेंगे, जबकि 12 को महम हल्के के गांव फरमाणा में होने वाली संकल्प रैली में मुख्यातिथि होंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष व हाल ही प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए अजय बंसल ने कहा कि युवा पार्टी की रीढ़ है सो आपकी रैली से प्रदेश में इतिहास रचेगी। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन ढुल ने कहा कि इस रैली में रोहतक बढ़-चढ़कर भाग लेगा। जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि नव-मतदाता को भी इस कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास होना चाहिए। बैठक में चौ. छोटूराम की पुण्यतिथि पर उन्हें याद भी किया गया।

#### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह हुड्डा, सुखबीर चंदेलिया, जिला महामंत्री सुरेश किराड़, आशा शर्मा, विकास शर्मा, अजय खुंडिया, सतीश आहूजा, रमेश भाटिया, नरेंद्र खट्टर, नरेंद्र वत्स, ईश्वर सिंगल, अमित सैनी, शिवकुमार परमार, अशोक सहगल, जयभगवान जांगड़ा, राजीव भांखर, रवि हुड्डा, दिनेश करौंथा, उषा शर्मा, संगीता, सतीश चौधरी, राजकुमार सुनारिया, रॉकी सहगल, अनिता बधवार, सतीश रोहिल्ला, राजेश भालौठ, राजबीर आर्य, अजय शर्मा, मोहनलाल, जितेंद्र, जोगेंद्र जोगा, मुकेश शर्मा, राजरानी शर्मा, सुनीता सेन, लालचंद शर्मा, कुलविंदर सिक्का उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी गरीबों के लिए सिद्ध हो रही लाभदायकः सतीश नांदल



उज्ज्वला योजना के तहत घरेलू गैस देते भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल व नगर परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा।

**रोहतक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिला के चार गांवों घुसकानी, जिंदराण, भैणी महाराजपुर एवं भैणी भैरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में नगर परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, डॉ. दिनेश घिलौड़, वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत, महंत सतीश दास, सत्यप्रकाश बिसला, चेयरमैन सुनील उर्फ भोलू, नवनीत राठी चेयरमैन ने शिरकत की। घुसकानी एवं जिंदराण गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में नगर परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल व डॉ. दिनेश घिलौड़ ने शिरकत की। सतीश नांदल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी गरीब पात्र लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है। डॉ. दिनेश घिलौड़ ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब वर्गो के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ नेत्री राधा अहलावत ने भैणी महाराजपुर एवं भैणी भैरों गांवों में विकसित भारत यात्रा के कार्यक्रमों में उपस्थितगण को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध करवाने के लिए गरीब पात्र परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत घरेलू गैस कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं।



### विज को दिया मैटी जयंती का न्योता

*डॉ. विनोद के नेतृत्व में ईएचएमसी ने की स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात*

रोहतक। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा परिषद (ईएचएमसी) की टीम ने सोमवार को अंबाला में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर मैटी जयंती और इस मौके पर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया है। विज ने भी टीम को आश्वासन दिया है कि वे मैटी जयंती कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। इस अवसर पर डॉ. विनोद खनगवाल अध्यक्ष ईएचएमसी, डॉ. विनोद तोबरिया उपाध्यक्ष, डॉ. ज्ञान सैनी सचिव, डॉ. उषा खनगवाल चैयरपर्सन इटालिका हर्बल रेमेडीज एंड केडी फार्मा, डॉ. मीना तोबरिया, डॉ. मणि मेहता कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. रवि दास संयुक्त सचिव, डॉ. लाल चंद गुप्ता जिला अध्यक्ष अंबाला, डॉ. सतबीर जिला अध्यक्ष कुरुक्षेत्र, डॉ. शिवराज जिला अध्यक्ष झज्जर मौजूद रहे।

### यूटीडी-एमडीयू और पंडित नेकीराम कॉलेज फाइनल में, आज भिड़ेगी टीम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित पुरुष इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में पंडित नेकी राम शर्मा कॉलेज रोहतक और यूटीडी की टीम पहुंची सेमी फाइनल में पहुंच गई हैं। मंगलवार के मुकाबलों का शुभारंभ गणित विभाग के प्रोफेसर सुमित गिल ने किया। एमडीयू के खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग ने प्रो. सुमित का खिलाड़ियों से परिचय करवाकर और टॉस करवा कर मैच का शुभारंभ किया। डीएवी कॉलेज फ़रीदाबाद ने पहले बेटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 86 रन बनाए। इसके जवाब में नेकी राम शर्मा कॉलेज रोहतक की टीम ने 19.5ओवर में 7 विकेट खोकर 87 रन बनाकर 3 विकेट से जीत हासिल की।

### आईसी कॉलेज में खेलकूद शुरू, 200 मीटर दौड़ में मीनू, हाई जम्प में नैंसी प्रथम

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या सविता परुथी ने किया। प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ में मीनू प्रथम, तनुजा द्वितीय, नैंसी तृतीय रही। लोंग जम्प में मीनू प्रथम, नैंसी द्वितीय और लिपि तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में मीनू प्रथम, तनुजा द्वितीय, लिपि तृतीय स्थान पर रही। हाई जम्प में नैंसी प्रथम, उषा द्वितीय और अंजलि तृतीय रही। डिसकस थ्रो में उषा प्रथम, तमना द्वितीय और कोमल तृतीय स्थान पर रही।

### मौर्य संघ का चुनाव संपन्न राम बरन मौर्य बने प्रधान

**रोहतक।** मौर्य संघ की कार्यकारिणी समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी देवी प्रसाद ने सभी पदाधिकारियों के सर्वसम्मति से चुने जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ ओएन मौर्य को संस्थापक, राम बरन मौर्य प्रधान, बृज किशोर शास्त्री उप प्रधान, हनुमान प्रसाद मौर्य सचिव, शिव नंदन कुशवाहा सह सचिव, गणेश मौर्य कोषाध्यक्ष, रामाधार सिंह ऑडीटर, राजेश महतो प्रेस सचिव, भगवत मौर्य प्रचार सचिव, राजकुमार कुशवाहा संगठन सचिव, बद्री विशाल उप सचिव, सुभाष कुशवाहा सांस्कृतिक सचिव चुने गए। जबकि देवी प्रसाद मौर्य, राम स्नेही, राजेश कुशवाहा, रामकुमार, रमेश को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। प्रांत अध्यक्ष डॉ ओंकार नाथ मौर्य ने पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई।

### जननायक जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने की मीटिंग

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की एक मीटिंग जिला कार्यालय में हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रोफेसर रणधीर सिंह चीका और प्रदेश प्रभारी डॉक्टर अजीत सिंह मुख्य अतिथि रहे। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान दलबीर भराण ने की। प्रोफेसर रणधीर सिंह चीका ने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में बुद्धिजीवी प्रकोष्ट की पार्टी में अहम भूमिका रहेगी।

### सूचना

मैं, श्रीमती रानी पत्नी स्वर्गीय श्री दलीप सिंह पुत्र श्री जयकिशन सिंह, निवासी मकान नं. 652/10, श्याम कालोनी, रोहतक, हाल निवासी बड़सी नगर रोहतक-124001 तहसील व जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरी पुत्री अन्नु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### उपायुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी समय पर पूरी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के समारोह की राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राजीव गांधी खेल स्टेडियम में होगा।

विभिन्न विभागों की झांकियां इस समारोह में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगी। वे लघु सचिवालय स्थित सभागार में समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों का पूर्ण अभ्यास करवाया जाए। मुख्यातिथि 26 जनवरी को मदवि परिसर में स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। जिला सैनिक बोर्ड व अन्य संबंधित विभागों द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।



रोहतक। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अजय कुमार।

**एडीसी होंगे इंचार्ज** कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड व झांकियों के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ओवर ऑल इंचार्ज होंगे। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) द्वारा जिला नगर योजनाकार के साथ मिलकर बैठने के प्रबंध करवाए जाएंगे। नगराधीश द्वारा निमंत्रण पत्र इत्यादि के प्रबंध करवाए जाएंगे। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त द्वारा टैंट की व्यवस्था करवाई जाएगी तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा बेरिकेडिंग करवाई जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा यातायात व्यवस्था, सुरक्षा के अलावा राष्ट्रीय ध्वजारोहण के लिए प्रबंध किए जाएंगे। सांस्कृतिक टीमों के चयन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, नगराधीश, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी की टीम गठित की गई है।

**सम्मानित होंगे अधिकारीः** गणतंत्र दिवस समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग 17 जनवरी तक जिला प्रशासन को विवरण सहित सूची उपलब्ध करवाई जाए। विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों से संबंधित भव्य झांकियां भी निकाली जाएंगी, जो समारोह में आकर्षण का केंद्र रहेंगी। स्मृति चिन्ह की व्यवस्था आबकारी विभाग द्वारा जिला प्रशासन की मंत्रणा से की जाएगी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE




निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप



### स्वयंसेविकाओं ने जानी सामाजिक आर्थिक स्थिति

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में लगे 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने खेड़ी सांपला में डोर टू डोर पहुंचकर लोगों की आर्थिक व सामायिक स्थिति का डाटा तैयार किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को स्वच्छता व मौसमी बीमारियों के प्रति भी जागरूक किया। एनएसएस कैंप के इंचार्ज डॉ यशवंती व डॉक्टर जगबीर मलिक ने बताया कि मंगलवार को कैंप की शुरुआत योगासन से की गई। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने खेड़ी सांपला में डोर टू डोर पहुंची और लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई।



### डॉ. सुरेश भूरिया को सम्मानित किया

**रोहतक।** वी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रजापति समाज के प्रदेशाध्यक्ष और कांग्रेसी नेता लोकीराम प्रजापति द्वारा पीजीआई ऑर्थो विभाग के पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर और फिलहाल डायरेक्टर ऑर्थोप्लास्टि, ट्रॉमा एंड स्पाइन स्पेशलिटी वी केयर हॉस्पिटल के डॉ. सुरेश भूरिया को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज सेवी कार्यों और उनके द्वारा की गई गरीबों की निःशुल्क चिकित्सा सहायता के लिए दिया गया। इस अवसर पर लोकीराम ने कहा कि महंगाई के इस दौर में गरीबों और पीड़ितों के सहयोगी और सहायक बहुत कम लोग हैं।

# माजरा की विवादित जमीन से हरे पेड़ काटे, ग्रामीण लामबंद, वन विभाग को शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ हुडा की जमीन पर नगर निगम ने श्मशान भूमि के शेड बनवाने किए थे शुरू, हाईकोर्ट ने लगाई रोक



सेक्टर 27 स्थित विवादित भूमि से सोमवार देर रात को पेड़ों का कटान करवा दिया गया। जब इसकी जानकारी लोगों को मिली तो वे मौके पर पहुंचे और पेड़ काटने वाले व्यक्ति को वहां से भगाया। लोगों का आरोप है कि विवादित जमीन के साथ जिस व्यक्ति की जमीन है, उसने ही किसी मजदूर से पेड़ कटवाए हैं। क्योंकि उस व्यक्ति की विवादित जमीन के साथ ही भूमि है और वह उस पर निर्माण करवाना चाहता है। पेड़ काटने की जानकारी मंगलवार को लोगों ने वन विभाग को दी।

**चल रहा विवाद :** ध्यान रहे कि बीते एक महीने से इस जमीन को लेकर एक बिल्डर और गांव माजरा समेत कई कॉलोनियों के लोगों के बीच विवाद चला आ रहा है। लोग का कहना है कि ये तालाब की भूमि है और इसके साथ ही शमशान है। जबकि बिल्डर का तर्क है कि सेक्टर-27 के मास्टर प्लॉन में श्मशान भूमि के लिए जगह अस्थल बोहर रेलवे की तरफ जाने वाले रोड के साथ रेलवे लाइन बिल्कुल पास तय की गई है। ऐसे में यहां अंतिम संस्कार नहीं किया जा सकता है।

#### हाईकोर्ट ने निगम को ही नोटिस जारी किया

बताया जा रहा है कि बिल्डर ने ही हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी कि जहां पर शेड बनाए जा रहे हैं, वह श्मशान भूमि नहीं है। इसलिए निर्माण कार्य पर रोक लगाई। न्यायालय ने ही नगर निगम रोहतक को आदेश दिए थे कि मामले की जांच की जाए। जैसा कि बताया जा रहा है कि मंगलवार को बिल्डर और निगम के अधिकारियों के बीच इस जमीन को लेकर बातचीत हुई है। हाईकोर्ट ने निगम को ही नोटिस जारी करके पूरे मामले पर कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। यहां ये भी ध्यान रहे कि जिस जगह पर निगम शेड बना रहा था, उसकी मलकियत निगम की है नहीं। बावजूद इसके निगम ने यहां शेड का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। चूंकि सेक्टर-27 के लिए जमीन हुडा ने अधिग्रहित की थी, ऐसे में जमीन का मालिक इस समय हुडा ही है। लेकिन निगम ने यहां श्मशान भूमि के शेड बनाना प्रारंभ कर दिया था।

#### बनाए जा रहे हैं फ्लैट

सूरजभान, करण सिंह, ईश्वर सिंह, सतबीर, राजेश, रणदीप जसबीर समेत कई और लोगों ने बताया कि हम यहां सालों से जिस श्मशान भूमि पर अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं, अब एक बिल्डर श्मशान भूमि को यहां से कहीं और शिफ्ट करवाना चाहता है। उसने इसको लेकर हाईकोर्ट में केस भी दायर किया हुआ है। सतबीर सिंह ने कहा कि श्मशान भूमि के साथ जोहड़ भी है। इसकी दीवार के साथ ही इस समय फ्लैट बनाए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ही नगर निगम ने श्मशान घाट में शैड तथा दूसरे निर्माण कार्य शुरू करवाए। लेकिन जो व्यक्ति फ्लैट बना रहा है, उसने निर्माण कार्य पर कोर्ट से रोक लगवा दी। ये आरोप माजरा के लोगों ने मंगलवार को फिर से लगाए। इससे पहले भी गत दिसंबर में लोगों ने ऐसा ही बताया था।

# नशा तस्कर महिला का मकान रुपये व सोना-चांदी सब कुर्क

## नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार हो चुकी है प्रकाशो देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए एक बार फिर महिला की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए हैं। आरोपी महिला का नाम प्रकाशो देवी निवासी कच्ची गढ़ी मौहल्ला है और नवंबर में उसके घर पर पुलिस ने छापा मारा था। आरोपी प्रकाशो देवी के मकान, नगदी, सोने-चांदी के आभूषणों व बैंक खातों में जमा नगदी को अब कुर्क किया जाएगा।

पहले भी पुलिस चार नशा तस्करों की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क करवा चुकी है। बता दें कि पिछले साल 10 सितंबर को पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के नेतृत्व में सर्च अभियान चलाया गया था। छापेमारी के लिए 29 लोगों की पहचान की गई जो नशीले पदार्थों के अवैध धंधे में शामिल रहे हैं। अभियान के तहत 29 टीमों का गठन किया गया था। छापेमारी में 350 से ज्यादा जवान शामिल रहे थे।

#### ये सामान बरामद

पुलिस ने खोखराकोट, करतारपुरा व गढ़ी मोहल्ला में छापेमारी की गई। पुलिस ने 33,76,330 रुपये, दो किलो से ज्यादा नशीला पदार्थ, सोने-चांदी-हीरो के आभूषण, 23 मोबाइल फोन, 79 एटीएम कार्ड, 2 कार्ड स्वाइप मशीन, 10 वाहन व अन्य सामान बरामद किया गया था। पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। प्रकाशो के मकान से एक किलो 415 ग्राम गांजा बराम हुआ था। प्रकाशो ने 2016 में पति सुनिल के नाम से कच्ची गढ़ी मोहल्ला में 150 गज के प्लाट पर निर्माण किया था। इस समय बाजार भाव में प्लाट व घर की कीमत 18 लाख 70 हजार रुपये है।

#### नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चरस सहित दो पकड़े



**रोहतक।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने गुगाहेड़ी रोड से 2 नशा तस्करों बलवान वासी बैंसी और रणबीर वासी पाना मोहमदपुर गांव निडाना को पकड़ा है। उनके पास से 205 ग्राम चरस मिली है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट यविंदर सिंह की मौजूदगी में तलाशी के दौरान यह नशीला पदार्थ बरामद किया गया। आरोपीयों के खिलाफ थाना लाखन माजरा में केस दर्ज किया गया है। यूनिट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ की जाएगी।

#### इन आरोपियों की संपत्ति हो चुकी जब्त

1. रमेश कुमार मैणी चन्द्रपाल **कुर्क सम्पति :** पुराना पुश्तैनी मकान, नगद 13 लाख 73 हजार रुपये व क्रेटा गाड़ी
2. धर्मबीर निवासी करतारपुरा **कुर्क सम्पति:** तीन प्लाट (100 गज, 66 गज व 63 गज) व नगद करीब 2 लाख रुपये
3. अनिल निवासी रैनकपुरा **कुर्क सम्पति:** प्लाट व क्रेटा गाड़ी
4. बिमला निवासी करतारपुरा **कुर्क सम्पति:** 120 गज का मकान, सोने-चांदी के आभूषण हुए कर्क (कुल कीमत 57 लाख रुपये)

#### विशेष टीम गठित

पुलिस द्वारा मादक व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। तस्करों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई सम्पति का पता लगाया जा रहा है और नियमानुसार सम्पति को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। रोहतक पुलिस द्वारा इसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा मादक पदार्थों के तस्करों की सूची बनाकर उनकी सम्पति का पता लगाया जा रहा है। समय-2 पर टीम गठित कर तस्करों के मकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अन्य तस्करों की सम्पति को भी जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

-हिमांशु गर्ग, पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**ये सामान जब्त होगा :** सोने की तीन अंगूठी, चेन, लोकेट, चांदी की पाजेब, कडुली व चुटकी, सोने व चांदी के आभूषणों की कीमत 2 लाख 30 हजार 771 रुपये, 1 लाख 69 हजार रुपये, पीएनबी और एसबीआई बैंक की पासबुक, बाइक ,स्कूटी और ऑटो।

### किसानों के मसीहा थे सर छोटूराम : आर्य



**रोहतक।** किसानों के मसीहा सर छोटूराम की पुण्यतिथि पर आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि सभी युवाओं को सर छोटूराम के दिखाए हुए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर छोटूराम ने कड़ा संघर्ष जीवन व्यतीत करते हुए सामाजिक भलाई व गरीब किसान के हितों के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। आर्य ने कहा कि गिरवी जमीनों की मुफ्त वापसी एक्ट 1938 के अनुसार आठ जून 1901 के बाद एक कुर्की से बची हुई और 37 वर्षों से गिरवी चली आ रही जमीन किसानों को वापस दिलवाई थी।



### पुण्यतिथि पर सर छोटूराम को किया याद

**सांपला।** मंगलवार को किसान व गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले सर छोटूराम की पुण्यतिथि पर सांपला संग्रहालय में हवन किया गया। लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति दी और उन्हें याद किया गया। वहीं नगर पालिका के पार्षद अंकित ओहलयान, मनोज कुमार वराजेश कुमार आदि ने भी छोटूराम को याद किया। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नवीन इंजीनियर ने कहा कि छोटू राम गरीब किसान मजदूरो के हितैषी रहे। हमें भी उनसे सीख लेनी चाहिए।

### अग्रवाल महिला विंग ने गर्म कपड़े बांटे



रोहतक। अग्रवाल महिला विंग द्वारा वैश्य व्यायाम शाला व बड़े शिव मन्दिर में गोपालकों के परिवार व मंदिर के बाहर बैठे बच्चों व बुजुर्गों को चाय, बिस्किट, जुराब, गर्म टोपी, रेवड़ी, मूंगफली व गर्म कपड़े बांटे। की सेवा की गई। अग्रवाल ग्रुप की जिला अध्यक्ष बृजबाला गुप्ता ने कहा कि संस्था समय-समय पर व हर वर्ष सर्दियों में ये कार्य करती रहती है।



### लिंगानुपात में सुधार के लिए करें गंभीर प्रयास प्रसव पूर्व लिंग जांच की प्रशासन को दें सूचना

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में लिंगानुपात में सुधार के दृष्टिगत प्रसव पूर्व लिंग जांच एवं कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा रेड करें। महिला एवं बाल विकास विभाग का क्षेत्रीय अमला प्रसव पूर्व लिंग जांच व कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाए। सही सूचना देने वाले को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी तथा सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। अजय कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं व बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर उपमंडलाधीश विवेक आर्य, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अंजली श्रोत्रीय, डीएसपी वीरेंद्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, उप सिविल सर्जन डॉ. केएल मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ, सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सभा ने सांपला के किसानों की समस्याओं पर किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय किसान सभा सांपला तहसील कमेटी की बैठक मंगलवार को तहसील प्रधान सुनील मलिक की अध्यक्षता में छोटू राम स्मारक में हुई। इसमें तहसील के किसानों की स्थानीय समस्याओं पर 18 जनवरी को तहसील प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई। इसके साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जनजागरण अभियान चलाते हुए 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड में हिस्सेदारी की जाएगी। बैठक के बाद चौधरी छोटूराम की पुण्यतिथि पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में प्रधान सुनील मलिक ने कहा कि किसानों की फसल खराबे के मुआवजे जारी करवाने, नहरी पानी के प्रबंध करने,ड्रेनो की सफाई और पानी छोड़ने,पीने के पानी का प्रबंध करने , सेम से खराब हुई जमीन के सुधार के लिए कदम उठाने आदि मांगो को लेकर 18 जनवरी को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ने कहा कि एमएसपी पर फसल खरीद की कानूनी गारंटी देने,किसान और मजदूरों को कर्जा मुक्त करने,बिजली कानून और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने, बीमा कंपनियों की मनमानी के खिलाफ और लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों को न्याय देने की मांग पर गावों में जनजागरण अभियान चलाने और केंद्र सरकार के खिलाफ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर किसानों की ट्रैक्टर परेड निकालने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर राज्य महासचिव सुमित दलाल , कैप्टन शमशेर मलिक, शमशेर चुलाना,राजेंद्र नौनंद,वेदपाल , चटाई अटायल,आशीष कुलताना, अशोक मलिक, नरेंद्र मलिक, राजबीर अटायल, वीरेंद्र मोरखेडी, राजेंद्र, प्रदीप ,सुभाष समचाना, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।



### छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**रोहतक।** तिलयार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में मंगलवार को छात्रों द्वारा पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा यह मुहिम शुरू की गई, जिसके अंतर्गत छात्रों ने तिलयार लेक पर पर्यटकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। छात्रों ने इस स्वच्छता अभियान में जिंगल गाते हुए बढ़ चढकर भाग लिया। प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे ने स्टाफ और छात्रों को बधाई दी। इस मौके पर कार्यक्रम के इंचार्ज प्रतिभा बुडानिया, तरुण हुड्डा और रविंद्र कुमार मौजूद रहे।

## सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस का छठा बैच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज द्वारा मंगलवार को सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस के छठे बैच का प्रारंभ किया गया। एनसीसी हेडक्वार्टर, रोहतक के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि इस बैच का उद्घाटन किया। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने कहा कि भारतीय सेना बहादुरी, त्याग और बलिदान का दूसरा नाम है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का हिस्सा बनना गौरवपूर्ण है। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने अपने सेना से जुड़े निजी अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को सेना में जाने के लिए प्रेरित किया।डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी साफ्ट स्किल्स डेवलप करने के लिए प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया



**रोहतक।** खेरड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय लाइफ स्किल कैंप शुरू हो गया है। इसमें कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. नरेश ने बागवानी पौधरोपण, मधुमक्खी पालन, ऑर्गेनिक और प्राकृतिक खेती के बारे में विद्यार्थियों को बताया। इसक अलावा कृषि क्षेत्र में किस तरह वे करियर बना सकते हैं। डॉक्टर सृष्टि गौड़ ने हेल्थ हाइजीन पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। मानसिक स्वास्थ्य को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है व एग्जाम स्ट्रेस से किस प्रकार बचा जा सकता है आदि के बारे में विद्यार्थियों को बताया। प्राचार्या सुनीता कुमारी ने विद्यार्थियों को लाइफ स्किल कैंप से होने वाले फायदों से अवगत कराया। इस मौके पर एबीआरसी योगेश कुमार, अनीता, मुकेश, नरेश कुमार, विकेश व नरेश उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन भूख हड़ताल पर रहे रेल कर्मचारी



**रोहतक।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। इस कर्मिक भूख हड़ताल में लगभग 55 कर्मचारियों ने भाग लिया। वहीं भूख हड़ताल पर बैठे रेलवे कर्मचारियों का सीटू ने समर्थन किया है। सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सतबीर सिंह और जिला सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। मौजूदा सरकार एनपीएस को हटाकर ओपीएस लागू करने की बजाय सरकारी विभागों को निजी हाथों में सौंपकर एक और तो देश की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। इस मौके पर शाखा सचिव सुरेंद्र सैनी, शाखा अध्यक्ष सतबीर शर्मा, रविंद्र कुमार, पवन कुमार, योगेश शर्मा, विजय डागर, सोमराज मीणा, वीरेंद्र कुमार, श्रीभगवान, प्रोमिला, हनुमान पहलवान, सुनील कुमार और कुलदीप कुमार मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## फोटी कांफ्रेंस में करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

# नई दिल्ली एम्स में छाए आरआईओ के चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एम्स नई दिल्ली के डॉ. आरपी सेंटर में गत दिवस हुई फॉर्म ऑफ औफथैलमिक टीचर्स ऑफ इंडिया कांफ्रेंस में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों व विद्यार्थियों ने कई अवार्ड व पदक प्राप्त करके नया कीर्तिमान स्थापित किया।

आरआईओ विभाग के चिकित्सकों डॉ. मनीष नाडा, डॉ. उर्मिल चावला, डॉ. ज्योति व डॉ. रूचि डबास को कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी व विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस चौहान ने बधाई दी। डॉ. आरएस चौहान ने बताया कि 6 से 7 जनवरी तक एम्स नई दिल्ली में फोटी कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें पूरे देश, विदेश के करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान डॉ. मनीषा नाडा को सम्मानित ऑफथैलमोलोजी टीचर आफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. उर्मिल चावला को सुश्रुत सम्मान अवार्ड से नवाजा गया। डॉ. ज्योति देशवाल को आउटस्टैंडिंग आफथैलमालॉजिकल टीचर ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा गया। वहीं डॉ. रूचि डबास को यंग आफथैलमोलोजी टीचर आफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ. आरएस चौहान ने बताया कि कांफ्रेंस में पीजी छात्रों के लिए टीचर्स ऑफ फ्यूचर विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई थी। इसमें आरपी सेंटर एम्स, कोच्ची मेडिकल कालेज, उडीसा, आदि करीब 10 मेडिकल कालेजों के पीजी छात्रों ने हिस्सा लिया था।

### हड़ताली पटवारी-कानूनगो को कई संगठनों ने दिया समर्थन, धरना जारी



**रोहतक।** पे ग्रेड और प्रमोशन परीक्षा निश्चित समय में करवाकर उसका परिणाम भी जल्द से जल्द घोषित हो, इनकी मांगों को लेकर मंगलवार को पांचवें दिन भी जिले के पटवारियों और कानूनगो ने तहसील कार्यालय पर धरना जारी रखा। धरना स्थल पर संगठनों द्वारा समर्थन देने का सिलसिला जारी रहा। क्लर्क एसोसिएशन के प्रधान संदीप दांगी, सतबीर सिंह सचिव, नरेश सिवाच, उप प्रधान सुमेर सिवाच एसकेएस रोडवेज महासचिव और पर्यटन विभाग से जोगेंद्र दलाल रामकरण, सीटू से कामरेड सतबीर सिंह राज्य उप प्रधान, जिला सचिव सिंचाई विभाग से सुमित हुडा, संदीप मेहरा एचएसवीपी, कमल सिंहमार प्रदीप जांगड़ा सत्यवान राठी के अलावा अन्य संगठनों ने पटवारी कानूनगो एसोसिएशन को समर्थन दिया। पटवारी-कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान रवि सैनी ने कहा कि मांगों को लेकर संगठन का धरना जारी। और जब तक सरकार डिमांड पूरी नहीं करेगी, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा।